अमर उजाला 04/06/2024

जीएमएन कॉलेज शुरू करेगा नर्सिंग के कोर्स

पत्रकारवार्ता करते जीएमएन कालेज में प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त और अन्य। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। छावनी के गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज (जीएमएन) में दाखिले शुरू हो गए हैं। कॉलेज में अबकी बार नए कोर्स भी शुरू किए जाएंगे। एआईसीटीई (ऑल इंडियन काउंसिल फॉर टेक्निकल एजुकेशन) की अनुमति से कॉलेज में पांच कोर्स चलेंगे।

सोमवार को जीएमएन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने बताया कि नर्सिंग के कोर्स शुरू करने वाला अंबाला का पहला कॉलेज है। इसके अंतर्गत बीएससी नर्सिंग और जीएमएन के दाखिले भी इसी सत्र में किए जाएंगे। इसके लिए सरकारी और निजी अस्पतालों के साथ एमओयू किए हैं। इसके अनुसार विद्यार्थी इन अस्पताल में प्रशिक्षण कर सकेंगे। उसके बाद अस्पताल में प्लेसमेंट के अवसर भी मिलेंगे। इसके साथ-साथ देश-विदेश में नौकरी पाने योग्य विद्यार्थियों को तैयार किया जाएगा।

एआईसीटीई की मान्यता से बढ़ेंगी सहूलियतें: महाविद्यालय में डिग्री कॉलेज में पांच कोर्स बीसीए, बीसीए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बीबीए, एमबीए और एमसीए को एआईसीटीई की मान्यता प्राप्त हुई है। यह पांचों कोर्स एआईसीटीई की मान्यता के साथ चलेंगे। बीसीए, बीसीए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बीबीए, एमबीए और एमसीए में 60-60 सीट हैं। इनमें से बीसीए, बीसीए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, बीबीए के प्रवेश आरंभ हो चुके हैं और एमबीए व एमसीए, बीएससी नर्सिंग और जीएमएन के दाखिले जुलाई-अगस्त में आरंभ होंगे। जीएमएन कॉलेज प्रबंधन समिति के प्रधान गुरदेव सिंह ने बताया कि महाविद्यालय ने बीसीए (एआई), एमसीए, एमबीए के लिए इंफोसिस-इंडियन आईटी कंपनी के साथ एमओयू हुआ है। इस एमओयू के माध्यम से लाइव प्रोजेक्ट और स्किल बेस्ड शिक्षा के साथ-साथ प्लेसमेंट का भी सुनहरा अवसर मिलेगा। जो महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए अत्यंत लाभदायक होगा।